दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO.- 05086/21

वर्ष :- 02 अंक :- 103 मुरादाबाद 07 August 2022 (Sunday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## सीएम योगी का बड़ा आदेश, यूपी के 75 बस स्टैंडों का बदलेगा नाम, 75 बसों को भी मिलेगी नई पहचान



आजादी का अमृत महोत्सव के बीच यूपी के 75 बस स्टैंडों को नई पहचान मिलने जा रही है। बस स्टैंडों के साथ-साथ 75 बसों का भी नाम बदला जाएगा। बदला हुआ नाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम पर किए जाने की तैयारी है। आजादी के अमृत महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा के दौरान शुक्रवार शाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे लेकर निर्देश दिए हैं। इसके अलावा प्रदेश की 75 बसों को भी स्वतंत्रता समर के योद्धाओं के नाम पर नई पहचान दी जाएगी। सीएम के निर्देश के बाद अब यूपी रोडवेज की ओर से इसकी तैयारी शुरू कर दी गयी है।

### शहीदों से जुड़े स्थलों पर चलेगा स्वच्छता अभियान

समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर विभिन्न विभागों की ओर से की जा रही तैयारियों का प्रेजेंटेशन देखा। मुख्यमंत्री ने 75वें स्वतंत्रता दिवस को भव्य रूप में मनाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने प्रत्येक जनपद में स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों से जुड़े स्थलों, शहीद स्मारकों पर स्वच्छता अभियान चलाने का निर्देश दिया है। साथ ही शहीद स्मारकों पर पुलिस व पीएसी बैंड द्वारा राष्ट्र धुनों का वादन करने के लिए कहा है।

### देश की विभूतियों को भेंट करें राष्ट्रीय ध्वज

मुख्यमंत्री ने सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को अपने अपने जिलों के स्वतंत्रता संग्राम शहीदों के परिजनों, पद्म पुरस्कारों से सम्मानित विभूतियों एवं अन्य राष्ट्रीय व राज्य पुरस्कारों से सम्मानित महानुभावों को ससम्मान राष्ट्रीय ध्वज भेंट करने के लिए कहा है।

### 4.76 करोड़ झंडे फहराने का लक्ष्य

समीक्षा बैठक में बताया गया कि यूपी में इस बार 4.76 करोड तिरंगा फहराने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही सभी विभागों की ओर से विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा।

### पहली बार फहराया जाएगा तिरंगा

इस बार प्रदेश के 58,189 ग्राम पंचायतों के नवनिर्मित ग्राम सचिवालयों में 15 अगस्त को पहली बार ध्वजारोहण एवं जनभागीदारी के साथ भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा प्रदेश के 7500 अमृत सरोवरों पर तिरंगा फहराकर संगोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा।

### मंडी समितियों के पल्लेदार भी होंगे सम्मानित

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों में 75-75 फलदार पौधों के रोपण का निर्देश दिया है। इसके अलावा प्रत्येक मंडी समिति में 75-75 पल्लेदारों को सम्मानित भी किया जाएगा। साथ ही सभी जिलों में अमृत मिनी मैराथन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पूरे प्रदेश में 75000 लोगों की भागीदारी होगी।

### व्यवसायी निकालेंगे हम सब एक हैं प्रभातफेरी

सीएम ने कहा कि समाज के 75 विभिन्न व्यवसायों यथा- डॉक्टर, नर्स, व्यापारी, कृषक, आशा बहुएं, अधिवक्ता, शिक्षक, स्वच्छाग्रही आदि को अपने अपने व्यवसाय का प्रतिनिधित्व करने वाली वेशभूषा में हम सब एक हैं प्रभातफेरी निकाली जाएंगी।

## लोकतंत्र में पहली बार है जब सरकार पूछ रही सवाल, अमित शाह के आरोप पर सचिन पायलट का जवाब



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आरोपों पर कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने पार्टी का बचाव किया है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में ऐसा पहली बार हो रहा है कि सरकार सवाल पूछ रही है, जबकि सवाल पूछने का काम विपक्ष का है। विपक्ष की आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है। शाह के आरोपों पर सचिन पायलट ने कहा कि काले कपड़े पहनकर सांकेतिक विरोध दर्ज किया जा रहा था। बता दें कि अमित शाह ने आरोप लगाया था कि आखिर कांग्रेस ने प्रदर्शन के लिए आज का ही दिन क्यों चुना? आज ही के दिन प्रधानमंत्री मोदी ने अयोध्या में श्रीरामजन्म भूमि पर मंदिर का शिलान्यास किया था। कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने गृह मंत्री अमित शाह के आरोपों पर जवाब दिया। कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने काले कपड़े इसलिए पहने थे क्योंकि हमारा प्रदर्शन महंगाई पर सरकार के खिलाफ सांकेतिक प्रदर्शन था। सरकार महंगाई पर पूरी तरह से विफल रही है। विपक्ष की आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है। महंगाई के मुद्दे पर सरकार विपक्ष की आवाज दबाने की कोशिश की जा रही है।

### शाह के हिन्दुत्व वाले आरोपों पर पायलट

कांग्रेस पार्टी ने राम जन्म भूमि पूजन के जश्न के दिन ही क्यों काले कपड़े पहनकर विरोध प्रदर्शन किया। इस सवाल के जवाब पर कांग्रेस पार्टी के कद्दावर नेता सचिन पायलट ने कहा कि राम जन्म भूमि पर कोर्ट का फैसला कोई आज का नहीं है। इस पर लंबे समय से मामला चल रहा था। उन्होंने भाजपा पर काउंटर अटैक किया कि सरकार चर्चा से भाग रही है और विपक्ष पर अनर्गल आरोप लगा रही है। बता दें कि कुछ देर पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि देशभर में कांग्रेस के प्रदर्शन का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने कहा कि आखिर कांग्रेस ने प्रदर्शन के लिए आज का ही दिन क्यों चुना? उन्होंने कहा कि आखिर प्रदर्शन के लिए काले कपड़े क्यों पहने गए? उन्होंने कहा कि पिछले साल आज के ही दिन प्रधानमंत्री मोदी ने अयोध्या में श्रीरामजन्म भूमि पर मंदिर का शिलान्यास किया था। आज के दिन तो जश्न मनाया जाना चाहिए था, लेकिन कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राह पर चलते हुए आज के दिन विरोध प्रदर्शन किया।

## अखिलेश यादव ने महंगाई को लेकर सरकार पर बोला हमला, कहा- विधायकों की खरीद-फरोख्त का बोझ जनता पर डाल रही बीजेपी



एक तरफ कांग्रेस दिल्ली में महंगाई के मुद्दे पर सरकार को घेरने में लगी है वहीं दूसरी तरफ यूपी में भी अखिलेश यादव ने महंगाई के मुद्दे पर सरकार को घेरना शुरू कर दिया है। अखिलेश यादव ने एक अखबार की खबर का जिक्र करते हुए ट्वीट किया जिसमें उन्होंने लिखा- %भाजपा के राज में कमाई घटी है और महँगाई के साथ ही लोन पर श्वस्त्छु बढ़ी है। आज जनता का दुख-दर्द इतना बढ़ गया है कि अगर भाजपा सरकार उस पर टैक्स लेने लगे तो उसे किसी और टैक्स की ज़रूरत नहीं पड़ेगी। सरकारों की ख़रीद-फ़रोख़्त में लगी भाजपा अपने भ्रष्टाचार का बोझ जनता पर डाल रही है। निंदनीय!%दरअसल इस खबर में लिखा है कि रिजर्व बैंक ने रेपो रेट में 0.5 फीसदी की बढोतरी की घोषणा की है जिससे लोगन की ईएमआई फिर बढ़ेगी। इसी खबर को लेकर अखिलेश यादव ने सरकार पर निशाना साधा है। इससे पहले अखिलेश यादव ने यूपी में सूखे के हालात को लेकर सरकार को आगाह किया था। अखिलेश यादव ने दो दिन पहले एक खेत की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा था कि उत्तर प्रदेश के कई जिलों में कम बारिश की वजह से सूखे जैसे हालात बन रहे हैं। उनसे राहत देने के लिए उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार तत्काल आगे आए नहीं तो पहले ही महँगाई का मारा किसान बद से बदतर हालातों का शिकार हो जाएगा।गौरतलब है कि शुक्रवार को महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर कांग्रेस ने भी देशव्यापी प्रदर्शन किया था। इस दौरान राहुल गांधी और प्रियंका गांधी समेत कांग्रेस के कई बड़े नेता और बड़ीं संख्या में कार्यकर्ताओं सड़कों पर उतरे थे।

# विधायक एवं जिलाधिकारी ने ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम के तहत किसान बन्धुओं को उपलब्ध कराया तिरंगा

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- विधायक रामफेरन पाण्डेय एवं जिलाधिकारी नेहा प्रकाश द्वारा कलेक्टेट सभागार में ''आजादी का अमृत महोत्सव'' के अंतर्गत ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम के तहत किसान बन्धुओं को तिरंगा उपलब्ध कराया। इस दौरान विधायक एवं जिलाधिकारी ने आजादी के अमृत महोत्सव अभियान अंतर्गत ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम 13 से 15 अगस्त तक अनिवार्य रूप से प्रत्येक घरों पर झण्डा फहराने के लिए जन सामान्य से अपील किया है। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि जनपद के प्रत्येक घर पर तिरंगा फहराया जाएगा। इसके लिए सभी जनपद वासियों का सहयोग आवश्यक है। सभी जनपदवासी इस महा अभियान में अपनी पूर्ण सहभागिता निभाते हुए अपने घरों पर तिरंगा लगायें और समरस भाव से इस आयोजन से जुड़ें और कार्यक्रम को सफल बनायें। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम चलाया जा रहा है। तिरंगा सिर्फ एक ध्वज नही है, अपितु देश के लिए हमारी भावनाओं का वह प्रतीक है, जिसके लिये अनेक सेनानियों ने अपना सर्वस्व बलिदान किया है। इसलिए हर घर तिरंगा आंदोलन को मजबूत करने हेतु अपने घरों में तिरंगा अवश्य फहराएं।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द्र, जिला कृषि अधिकारी अवधेश कुमार यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी आनन्द प्रकाश श्रीवास्तव, जिला कृषि रक्षा अधिकारी विजय कुमार, भूमि संरक्षण अधिकारी शिशिर वर्मा, अधिशासी अभियंता सरयू नहर खण्ड-6 अजय कुमार, अधिशासी अभियंता बाढ़ कार्य खण्ड विनोद कुमार गुप्ता, जिला उद्यान अधिकारी दिनेश कुमार चौधरी, सहायक निर्देशक मत्स्य सुरेश कुमार, अधिशासी अभियंता विद्युत सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण एवं किसान बन्धु उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत चेयरमैन ने वितरित किये चेक



विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

शाहजहांपुर- शनिवार को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत चेयरमैन अनुपम शुक्ला ने कन्याओं को चेक वितरित किए।और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। नगर के मोहल्ला कोट रहने वाले सतीश कुमार ने अपनी बेटी रुचि देवी की शादी प्रदीप कुमार पुत्र रामकिशन निवासी परियल हरदोई में की सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत हुआ था। शनिवार को लाभार्थियों को चेयरमैन अनुपम शुक्ला नगर पंचायत कार्यालय में पैतीस हजार रुपए का अनुदान राशि चेक दिए और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।इस अवसर पर ,वरिष्ठ लिपिक अनिल सिंह, विनीत पाण्डेय, अंकित मिश्रा ,दीपक शर्मा,सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# यंत्रालय रेल वर्कशॉप इज्जत नगर में मोर्हम के उपलक्ष में शर्बत ब हलवे का प्रोग्राम संपन्न हुआ



तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- गंगा जमुना तहजीब के तहत यह प्रथा लगभग 100 वर्षों से रेल प्रशासन की अनुमति से रेलवे वर्कशॉप इज्जत नगर में संपन्न हो रही है जिसके लिए यंत्रालय शरबत कमेटी ने रेल प्रशासन का आभार व्यक्त किया है शरबत बा हलवा के प्रोग्राम को सफल बनाने के लिए मुख्य रूप से हाजी काफिल भाई, आबिद भाई, हाजी इशाक अहमद, परवेज अहमद, मो हसीन भाई,नाजिम खान नदीम खान समस्त शरबत कमेटी के मेंबर का सहयोग रहा यंत्रालय मोर्हम शरबत कमेटी ने मुख्य रूप से मुख्य कारखाना प्रबंधक श्री राजेश अवस्थी जी का आभार व्यक्त किया है ।

# मंदिर मस्जिद का मामला सुलह समझौते से विवाद खत्म किया गया

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- मल्हीपुर के गणेशपुर निवासी अमेरिका प्रसाद किसान नेता, कमलेश कुमार पुत्र कृपाराम, अरुण कुमार पुत्र भोलानाथ, सुग्रीव प्रसाद पुत्र राममिलन ,राज किशोर वर्मा पुत्र बालक राम, बशीर अहमद पुत्र अहमद खलील अहमद, अली अख्तर पुत्र मोहम्मद आरिफ. मन्सूर पुत्र छोटू, गुलाम मोहम्मद पुत्र मजी बुल्ला ,सद्दाम हुसैन पुत्र नसीर अहमद, दोनों लोग थाना मल्हीपुर में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया पुलिस थाना मल्हीपुर की पुलिस मौके पर पहुंचकर और गांव के संभ्रांत व्यक्तियों द्वारा सुलह समझौता कर जिसमें विशेष समुदाय के लोगों को बताया कि आम मंदिर की जमीन पर कब्जा न करें पैकरमा मार्ग पर मस्जिद का दरवाजा लगाना चाहते थे और पहले से दरवाजा लगा हुआ था लेकिन यह लोग जबरन दरवाजा परिक्रमा मार्ग मंदिर के पीछे साइड में चार दिवारी तोड़कर मस्जिद का दरवाजा लगाना चाहते थे जिस पर गांव व पुलिस के उपस्थिति में पुलिस वालों ने कि आप अपना दरवाजा जहां लगा था वही रखें परिक्रमा मार्ग में ना लगाएं इसी बात को लेकर किसान नेता अमेरिका प्रसाद व बशीर अहमद दोनों को सुलह समझौता कर आएगा कि अब मस्जिद का दरवाजा मंदिर के पैकर मा मार्ग में नहीं लगाया जाएगा परिक्रमा मार्ग जैसे पहले था वैसे ही बाउंड्री वाल बना लिया जाए और विवादित न किया जाए मंदिर के चारों तरफ परिक्रमा मार्ग को अवरुद्ध न किया जाए की बात को लेकर हिंदू और मुस्लिम दोनों पक्ष आपस में सुलह हो गेये और परिक्रमा मार्ग में दरवाजा नहीं लगाए और अपनी चहर दिवाल को उठा लिया है ।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# देशी तमन्चा के साथ एक गिरफ्तार



लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- इकौना श्रावस्ती थाना इकौना प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार तिवारी मय थाना स्थानीय की पुलिस टीम ने राजेश जयसवाल पुत्र छेदन लाल निवासी चिचडी थाना इकौना जनपद श्रावस्ती को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद नाजायज देशी तमन्चा 12 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना इकौना पर मु0अ0स0 212/22 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया ।

# मोहर्रम को लेकर किला थाने में की गई मीटिंग

तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



बरेली- जनपद बरेली के थाना जिला क्षेत्र के सभागार में एक सम्मानित क्षेत्र के सम्मानित लोगों के साथ मीटिंग की गई जिसमें उनके द्वारा उनकी उनके क्षेत्र की समस्याओं पर बातचीत की गई क्षेत्र में बाकरगंज किला छावनी सहित अन्य क्षेत्रों में जुलुस निकलते समय क्या-क्या समस्याएं हो सकती हैं उस पर चर्चा की गई और उनके निस्तारण के संबंध में भी चर्चा की गई ।

मीटिंग में उपस्थित अधिकारियों द्वारा लोगों से यह अपील की गई कि वह शांतिपूर्ण ढंग से अपने अपने त्यौहारो को मनाएं एवं शांति व्यवस्था बनाने में प्रशासन का सहयोग दें । प्रशासन ने मुस्लिम समुदाय के लोगों से यह भी अपील की कि वह मोहर्रम में ताजियों की ऊंचाई अधिक ना करें जिससे बिजली के तारों से कोई समस्या ना हो एवं कोई दुर्घटना होने की आशंका ना रहे । मीटिंग में उपस्थित आला अधिकारियों ने बताया कि ताजियों की एक निश्चित ऊंचाई तक ही होने पर परमिशन दी जाएगी । मीटिंग में मुख्य रूप से बरेली एसडीएम शिल्पा एरोन , सीओ द्वितीय आशीष प्रताप सिंह, किला थाना प्रभारी अरुण कुमार श्रीवास्तव , एसडीओ किला सहित नगर निगम के भी अनेक पदाधिकारी वहां उपस्थित रहे जिन्होंने क्षेत्र की जनता की समस्याओं पर भी चर्चा की वहां के स्थानीय लोगों ने एसडीएम महोदया एवं सीओ द्वितीय एवं किला थाना प्रभारी की जमकर तारीफ की उन्होंने बताया यह लोग निरंतर जनता हित में कार्य में लगे रहते हैं और आराम पर ध्यान ना देकर जनता की समस्याओं के निस्तारण में सदैव लगे रहते हैं ।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील बिलारी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्पन्न

मौ.युसूफ

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद - जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील बिलारी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्पन्न हुआ, जिसमें जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवसों में आने वाली जनशिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के अधिकारियों को निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों को निर्देश दिये कि आईजीआरएस शिकायतों का निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण न होने के कारण डिफाल्टर होने से जनपद की ग्रीडिंग खराब हो रही है, हमें न केवल शिकायतों का निस्तारण करना है बल्कि शिकायत कर्ता को सही बात बताकर संतुष्टि भी देनी है। उन्होंने कहा कि अधिकारी शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण समय के साथ निस्तारण करें। मुख्यमंत्री कार्यालय से आईजीआरएस शिकायतों की निरन्तर मानीटरिंग हो रही है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रतिदिन कार्यालय में एक घण्टा बैठकर जनशिकायतों को अवश्य सुने ताकि शासन की मंशानुरुप शिकायतों का समय से निदान हो। यदि कहीं भ्रमण पर जाना है तो मूवमेंट रजिस्टर में एंट्री करके ही भ्रमण पर जाये। उन्होंने कहा कि



लाभार्थीपरक योजनाओं को ठीक प्रकार से क्रियान्वयन करें तथा पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ अवश्य मिलें। उन्होंने कहा कि हम और बेहतर करने की दिशा में सब मिलकर प्रयास करें, ताकि जनपद का बेहतर फीडबैक बना रहें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस आवेदकों द्वारा जो प्रार्थना पत्र प्रेषित किए जायें उनमें आवेदक का अथवा उसके किसी परिचित का मोबाइल नम्बर अनिवार्य रुप से दर्ज किया जाये। प्रार्थना पत्र दर्ज होने के पश्चात् सम्पूर्ण समाधान दिवस में आवेदन कर्ता द्वारा प्रस्तुत किया जाये। आवेदन कर्ता की सुनवाई कर उसका तत्काल निस्तारण के यथा संभव प्रयास करना सुनिश्चित करें। समस्त अधिकारियों की जिम्मेदारी होगी कि वह अपने से संबंधित प्रार्थना पत्रों को उसी दिन प्राप्त करने के बाद ही तहसील कार्यालय छोड़े। इसके साथ ही आवेदन पत्रों की प्राप्ति की पूरी व्यवस्था संबंधित तहसीलदार की देखरेख में की जाएगी तथा सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन के बाद उसी दिन सभी प्रार्थना पत्रों का कम्प्यूटर पर अंकन कराना भी संबंधित तहसीलदार व उपजिलाधिकारी द्वारा सुनिश्चित कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रार्थना पत्र का कम्प्यूटरीकरण (स्कैनिंग, अपलोडिंग एवं विवरण फीडिंग) समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आई0जी0आर0एस0) (jansunwai.up.nic.in) से संबंधित सम्पूर्ण समाधान दिवस के पोर्टल पर किया जायेगा। शिकायती प्रार्थना पत्र पर अपेक्षित निस्तारण कार्यवाही व प्रगति की स्थिति भी संबंधित अधिकारी द्वारा आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर समय-समय पर अपलोड की जाएगी। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त आवेदन पत्रों का निस्तारण एवं अनुश्रवण के संबंध में निर्देशित किया है कि निजी भूमियों का सीमाकंन/पैमाइश, निजी भूमियों का अविवादित नामान्तरण, खतौनी में नाम व अन्य अशुद्धियों का शोधन, फर्जी बैनामें के आधार पर नामान्तरण/कब्जा, संबंधित शिकायतों को तहसीलदार अथवा नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं संबंधित लेखपाल की टीम बनाकर मौके पर भेजकर निस्तारण किया जाये। राजकीय एवं सार्वजनिक उपयुक्त भूमियों यथा चकरोड, रास्ता, तालाब, खलिहान, नाली, चारागाह आदि पर अतिक्रमण एवं अवैध कब्जे, निजी भूमियों पर अन्य भूमिधरों/सहखाते द्वारा अवैध कब्जा, पट्टे की भूमि पर कब्जा, आबादी भूमि में पानी का निकास व आवागमन अवयुक्त करने संबंधी शिकायतों का तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं संबंधित थाने के हेड कांस्टेबल की टीम बनाकर मौके पर भेजकर निस्तारण कराया जाये। गृह विभाग से संबंधित शिकायतों के निस्तारण हेतु प्रकरण संबंधित पुलिस उपाधीक्षक को सन्दर्भित कर दिया जाए तथा राजबहादुर, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 एम0सी0 गर्ग, जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी बुद्धप्रिय सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक प्रियदर्शी, तहसीलदार बिलारी धर्मेन्द्र कुमार सिंह, नायब तहसीलदार अरुण अग्रवाल, पुलिस क्षेत्राधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

## सर्व समाज फाउंडेशन इंडिया के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर नासिर अली ने राष्ट्रीय कार्यालय पर एक मीटिंग का आयोजन हुआ

तकी रज़ा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- सर्व समाज फाउंडेशन इंडिया के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर नासिर अली ने राष्ट्रीय कार्यालय पर एक मीटिंग का आयोजन हुआ जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा की हमारे संगठन को देश के विकास के लिए मुद्दे उठाना चाहिए संगठन बहुत जल्द बरेली में एम्स हॉस्पिटल की तर्ज पर और हाई कोर्ट की बेंच लाने के लिए इस कार्य को कराने के लिए जल्दी भारत सरकार से मांग की जाएगी हमें अपने संगठन के जरिए देश के विकास के सभी मुद्दे के लिए आवाज उठाना होगी। और टीवी डिबेट में धार्मिक भावनाओं से खेलने का काम किया जा रहा है उसके लिए पाबंदी लगवाने के लिए मांग उठाई जाएगी। आज सभी धर्मों के बीच दीवाल लगवाने का टीवी डिबेट कार्य कर रही है जो हम सभी को रोक ने होगी। संगठन सभी जात धर्म के लिए उनकी आवाज उठाएगा। बहुत जल्द बरेली में संगठन की कार्यकारिणी पूरी की जाएगी इसमें जिलाध्यक्ष महानगर



अध्यक्ष की नियुक्ति जल्द ही की जाएगी । संगठन के फाउंडर मेंबर हनीफ इदरीसी ने कहा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कार्यों की जानकारी देते हुए बताया की राष्ट्रीय अध्यक्ष पिछले हफ्ते बरेली आगमन के बाद रविवार देर शाम दिल्ली के लिए रवाना हुए दिल्ली पहुंचकर दिल्ली प्रदेश कार्यालय तुगलकाबाद में कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और खान मार्केट बाराखंबा कनॉट प्लेस पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की संगठन सक्रिय सदस्य बनाने के लिए कहा संगठन को पूरे भारत में पूर्ण रूप से स्थापित करना है। जिसके लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सोमवार मंगलवार और बुधवार दिल्ली में रहकर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की । संगठन के फाउंडर मेंबर ने कहा इस साल के अंत तक 1 लाख लोगों को इस संगठन से जोड़ने का हमारा लक्ष्य है जिसे हमें हर हाल में पूरा करना है। जिसमें सभी जात धर्म के लोग शामिल किए जाएंगे । इस प्रोग्राम में शामिल हुए लोग जैसे मौजम खान,हनीफ इदरीसी, रानू अल्वी, समीर अल्वी, मीर हसन, यासीन ठेकेदार, आरिफ अल्वी, मौलाना सफात, अजमेरी शाह, निसार , इस्माइल शाह, कासिम , सैयद इरशाद, जरीफ, रईस मियां, अब्दुल सत्तार, गुड्डू उर्फ इश्तियाक। इत्यादि लोग मौजूद रहे ।

## नूरानी महफिल का आगाज कलाम ए पाक की तिलावत से किया गया



मौ.युसूफ

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद खान का मुनामी इनायती मैं हर्रम की 7 तारीख को हुसैनी दस्तरखान सजाया नूरानी महफिल का आगाज कलाम ए पाक की तिलावत से किया गया अकीदत मनदो ने नजरों ने नियाज पेश की और फिर कुल शरीफ की महफिल सजाई गईकुल शरीफ के बाद कर्बला के शहीदों के लिए हिसाले सवाब किया गया शहीदों ने इस्लाम के लिए जो कुर्बानी दि हजरत अली के घराने के लोगों की कुर्बानी पर रोशनी डाली गई बाद में दुआ का एहतमाम किया गया सभी लोगों ने आमीन आमीन की सदाएं बुलंद की इस मौके पर दरगाह मुन्ने मियां के सज्जादा नशीन सूफी वसीम अहमद कादरी व सूफी अब्दुल्लासूफी राशिद मियांमोहम्मद हारुनमोहम्मद हारूनशरीफ अहमद मोहम्मद रिजवान वसई मारूफ वसई मोहम्मद अहमद आदि लोग मौजूद रहे

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# To be relieved

There is no doubt that inflation control is necessary and the Reserve Bank of India has made changes in monetary policy accordingly. It is also special that before the announcement of monetary policy, Reserve Bank Governor Shaktikanta Das cited rising inflation at the global level. Neither the Governor's concern about inflation is new nor the measures taken by him. He has announced to increase the repo rate by 0.50 percent, that is, the repo rate in India has now increased from 4.90 to 5.40 percent. The direct effect of increasing the repo rate will be that there will be a lack of liquidity in the market, there will be an effect on buying and selling. If demand is low and supply is high, prices will fall. This is an age-old measure to reduce the liquidity of money in the market. To accelerate the market, the repo rate is reduced and to reduce the momentum, the repo rate is increased. However, it was a possibility for a few days. The government does not have any specific measures, because its focus is more on revenue, so that the fiscal deficit does not increase much. Recently, by imposing or increasing GST on daily necessities, it has taken measures to increase its earnings, so the responsibility of reducing inflation has fallen on the Reserve Bank of India. Well overall there is happiness in the market. Even before the announcement of monetary review policy on Friday, the stock market opened with strength. BSE's 30-share key sensitive index Sensex opened with a gain of 122 points. More or less the same situation remained in Nifty also. In fact, most companies are seeing their profit in rising inflation.

Despite the increase in the repo rate, one of the reasons for the rise in the stock market is that the markets are confident. The Indian economy is battling high inflation and it needs to be brought under control, but will the Reserve Bank succeed? Are common people getting the benefit of loan waiver and relief to big companies? There are also complaints about weak collection of revenue from many big companies, both domestic and foreign. In such a situation, there is also a question that how much will the common people benefit from the increase in the repo rate? Will there be a need to increase the repo rate further? At present, the Reserve Bank of India has retained the inflation forecast for the financial year 2022-23 at 6.7 per cent. Whatever the figures say, but the prick of inflation at the ground level is too much.

“There is a two-pronged problem for the common man, because the increase in the repo rate is bound to make the loan costlier. Home loan, auto loan, personal loan installments will increase further. If you understand in the figures, then if your installment is Rs 24,168, then it will increase to Rs 25,093. The governor has admitted that the country's economy is battling high inflation, but the global situation prevailing now, no one can give concrete estimates of relief. There are many countries, where the inflation rate is much higher than India, but in the rich countries, the government is standing behind the common man, whereas in other countries it is not possible. Despite the challenges, the country's growth rate remains at 7.2. By the way, given the global situation, India will have to save its currency reserves. Opening more treasury has its dangers, but it can be arranged that whenever and as much as it opens, the benefits reach the common people.

# Is 'Buckwaas' song from Ananya Panday and Vijay's film 'Liger'? Aaya Seema Pandey's reaction

The new song Aafat from Ananya Pandey and Vijay Devarakonda's upcoming film 'Liger' was released recently. The song video has been released on YouTube and the star cast of the film has also shared it on social media. In the video, Ananya Panday and Vijay Devarakonda are seen romancing on the beach and the camera work is amazing. However, the reaction of Ananya Pandey's mother Bhavna Pandey's friend Seema to this is worth noting. Seema, after listening to the song, said- what is the nonsense? However, he also made some fire emojis ahead of it. Neelam Kothari also reacted to this song by making emoji. Let us tell you that this song has got mixed reaction on social media. Fabulous Lives of Bollywood Wives Cast- Chunky Pandey's wife Bhavna Pandey, Sameer Soni's wife Seema Khan and Sanjay Kapoor's wife Maheep Kapoor were seen together in the Netflix show Fabulous Lives of Bollywood Wives. In this popular show, the lives of the wives of the stars were shown very closely. It was shown in the show that celebrities also do everything that a common man does. Ananya Pandey and Chunky Pandey were also seen in 'Fabulous Lives' - Chunky Pandey and Ananya Pandey also made guest appearances in the first season of the show. Had given. Talking about the song of the film Liger, this is the third song of this film. This song written by Rashmi Virag has been composed by Tanishk Bagchi. It has the voices of Tanishq and Sarah. This film, directed by Puri Jagannath, has been in the headlines for a long time.



# Black poster controversy: Delhi court adjourns hearing on petition against Leena Manimekalai till August 29

A Delhi court has adjourned the hearing till August 29 on a plea seeking permanent injunction against filmmaker Leena Manimekalai for allegedly portraying a Hindu goddess in an objectionable manner in the poster and promo video of her upcoming film "Kaali". has been postponed. The hearing has been adjourned till the next date as the judge hearing the matter is on leave. Petitioner advocate Raj Gaurav also filed a petition on Saturday to take additional documents on record. The petition states that the plaintiff wishes to file additional documents which are tweets that are directly related to the plaintiff's case and which may affect the merits of the case. It said that the petitioner could not submit these documents while filing the suit as the filmmaker made these tweets later. The screenshots include a tweet from July 7 and two from July 21. Earlier on July 11, Additional Senior Civil Judge Abhishek Kumar had issued summons of trial and injunction notice and said that the filmmaker needs to be heard before passing any order. The petition filed by the lawyer said that the poster of the film, which was tweeted by the filmmaker, depicts Hindu goddess Kali smoking a cigarette, which not only hurts the religious sentiments of Hindus, but also morality and decency. against the basics of



आवश्यकता है उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

## डीपीएस के बच्चों ने सीखी बेसिक लाइफ सपोर्टिंग स्किल्स की जानकारी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-इटावा। दिल्ली पब्लिक स्कूल में इंडियन ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन शाखा इटावा के सौजन्य से एक दिवसीय ईच वन सेव वन महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत बोन एंड जॉइंट दिवस मनाया गया। जिसका उद्देश्य ट्रॉमा सेंटर में पहुँचने से पहले मरीज को प्रथम प्राथमिक उपचार देना व हर छात्र छात्रा के लिये बेसिक लाइफ सपोर्टिंग सिस्टम का जरूरी प्रशिक्षण जानना शामिल था। ऑर्थोपेडिक्स एसोसिएशन के सेक्रेटरी डॉ अजय राजपूत ने कहा कि,नर सेवा ही नारायण सेवा भी है। चूंकि, छात्र सबसे अच्छे श्रोता भी होते है व किसी भी चीज को जल्दी सीखते है इसीलिये आज हम सभी इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर आपके बीच आये है। सबसे पहले इसे 2012 में हमारी संस्था द्वारा इसे लॉन्च किया गया। तब से यह कार्यक्रम लगातार जारी है। हमारा उद्देश्य ही यही है कि कैसे लोगो की हड्डियां मजबूत बनाई जा सकें और उन्हें सही समय से उपचार भी मिल सके जिससे अमूल्य जीवन को कुछ सावधानियों से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि,देश भर मे कई हाइवे विकसित होने के साथ साथ अब




भारत मे प्रत्येक वर्ष सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटनायें भी होती ही रहती है। तब यह लाइफ सपोर्टिंग प्रशिक्षण बेहद जरूरी हो जाता है। विगत वर्षों में हमने पुलिस के साथ मिलकर 1.4 लाख लोगों को प्रशिक्षित किया है। कार्यक्रम के दौरान एक्सपर्ट ने ABCD के बाद CAB ß CPR की विस्तृत जानकारी भी बच्चों को दी। बच्चों ने कार्यक्रम में बेसिक लाइफ सपोर्टिंग स्किल्स को भी सीखा और दुर्घटना होने के बाद गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को कैसे प्रथम उपचार देना है यह भी बताया व गंभीर रूप से दुर्घटना ग्रस्त व्यक्ति का अमूल्य जीवन बचाने के लिये पहले रिस्टोर पोजीशन में लाकर सीपीआर कैसे दिया जाता है यह भी सीखा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ सुनील कुमार प्रोफेसर ऑर्थोपेडिक्स इंचार्ज ट्रामा सेंटर यूपीयूएएमएस सैफई प्रेसिडेंट सैफई ऑर्थोपेडिक क्लब इटावा, डॉ अजय कुमार राजपूत असि0 प्रोफ0 ऑर्थोपेडिक्स सैफई सेक्रेटरी एसओई इटावा, डॉ प्रणव शर्मा, डॉ संजीव जोशी,डॉ ईश्वर चंद्र,सीनियर रेजिडेंट ऑर्थोपेडिक्स यूपीयूएमएस सैफई, डॉ विकास यादव, चैयरमैन मदन हॉस्पिटल इटावा सहित प्रिंसिपल डीपीएस भावना सिंह मोजूद रही।

## हर घर तिरंगा अभियान बना बाल विकास विभाग के लिये बसूली का एजेंडा

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-आजादी के अमृत महोत्सव स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने पर केंद्र एवं प्रदेश सरकार ने हर घर तिरंगा फहराने का अभियान चला रखा है इसके लिये सरकारी गैर सरकारी श्रोतों से बड़े पैमाने पर राष्ट्रीय ध्वज के प्रतीक तिरंगे झंडे उपलब्ध कराए गये हैं। 11 से 17 अगस्त तक चलने बाले राष्ट्रीय भावना के इस अभियान को आईसीडीएस विभाग की परियोजनाएं बसूली का एजेंडा बना रही हैं। आज इस संवाददाता ने जब शीतलपुर एवं एटा अर्बन परियोजनाओं पर जाकर तिरंगा वितरण का हाल देखा तो चौकाने बाला था। मौजूद आंगनबाड़ियों एवं सहय्यिकाओ ने बताया 2 तिरंगे ध्वज 100 रुपये से लेकर 200 रुपये के दिये जा रहे एटा अर्बन की प्रभारी खुद इतनी बसूली कर तिरंगा दे रही हैं इसी तरह शीतलपुर परियोजना पर तिरंगे की इसी रेट से बसूली की जा रही है। यहां बताया गया 440 तिरंगा ध्वज वितरित करने का लक्ष्य दिया गया है। हैरत है जब पूरा देश आजादी के अमृत महोत्सव पर अपनी आन बान शान का डंका पूरे विश्व मे इस अभियान को चला कर पीट रहा है।

वही सरकारी विभाग के भृष्ट अधिकारी भृष्ट करतूतों से अभियान को शर्मसार करने में जुटे है। बताया गया है तिरंगा ध्वज की सप्लाई सरकारी स्तर पर एवं नामी गिरामी संगठनों के सहयोग से लाखों में किये जाने के एलान रोज सामने आ रहे है। फिर तिरंगे पर बसूली का एजेंडा किसके इशारे पर चल रहा हैज्?इस मामले में जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय कुमार सिंह से बात करनी चाही तो उन्होंने कॉल रिसीव नही की।

## चोरी के माल को लेकर ई. रिक्शा चालक की हत्या! अभियुक्त गिरफ्तार



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-कासगंज-दिनांक 16/7/22 को हजारा नहर के पास जियाउद्दीन पुर के समीप झाडियों में मिले शव की शिनाख्त हामिद पुत्र यासीन नि. कमरा न. 204, ब्लाक 17 , ततारपुर के पुत्र आबिद के रूप में हुई, घटना की सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार, क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पन्त और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुँच गए, और डाग स्क्वाड, फील्ड यूनिट से मिले साक्ष्यों के आधार पर क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पन्त के नेतृत्व में मारहरा तिराहे प्याऊ के पास से एक शातिर अभियुक्त गुड्डु पुत्र भूरा नि. काजी मोहल्ला कस्बा व थाना मारहरा को गिरफ्तार कर लिया, कडाई से पूछताछ के बाद गुड्डु ने बताया कि कि हम दोनों और हमारा दोस्त पंकज ई. रिक्शा की बैटरी चोरी करते थे जिस के बंटवारे को लेकर शराब पीने के बाद आबिद के सिर में डंडा मार कर हमने उसकी हत्या कर दी और शव को झाडियों में फैक दिया! और डंडा हजारा नहर में फैक दिया! पुलिस ने ई. रिक्शा बरामद कर धारा 302 /364/ 201/394/411/34 भा.द. वि. के आधार पर अभियुक्त को जेल भेजने की कार्यवाही की है तथा ततारपुर निवासी पंकज की गिरफ्तारी के प्रयास करना बताया जाता है

## घर-घर तिरंगा झंडा फहराने में भाजपा किसान मोर्चा महानगर अहम भूमिका निभाएगा-ठाकुर राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ- भाजपा किसान मोर्चा महानगर ने घर-घर तिरंगा फहराने के लिए पूरी तरह से तैयारी कर ली तिरंगा झंडा कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा महानगर पहले स्थान पर रहेगा भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह कहां है कि भाजपा किसान मोर्चा महानगर का प्रत्येक कार्यकर्ता पदाधिकारी तिरंगा झंडा कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे गा गांव गांव प्रत्येक घर पर तिरंगा झंडा फहराया जाएगा भाजपा किसान मोर्चा के महानगर उपाध्यक्ष झंडा कार्यक्रम के संयोजक चित्र पाल सिंह ने कहा है कि सभी मंडल अध्यक्ष महानगर के सभी पदाधिकारी तिरंगा झंडा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरी तरह से जुट जाएं तिरंगा झंडा रैली निकाली जाएगी उसकी तिथि घोषित कर दी जाएगी झंडा कार्यक्रम में लापरवाही किसी भी कीमत पर किसी भी कार्यकर्ता की बर्दाश्त नहीं की जाएगी भाजपा किसान मोर्चा महानगर के सभी मंडल अध्यक्ष सभी पदाधिकारी महानगर के पदाधिकारी सभी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे भाजपा किसान मोर्चा महानगर झंडा कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरी तरह से सफलता हासिल करेगा

## डिप्टी सीएमओ ने बेरनी में मासूम बच्ची की मौत के जिम्मेदार झोलाछाप का क्लीनिक किया सील



योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

जलेसर ( एटा ) कोतवाली जलेसर क्षेत्र के ग्राम बेरनी में बुखार से पीडित एक 8 वर्षीय मासूम बच्ची की मौत के जिम्मेदार झोलाछाप के क्लीनिक को आज सीएमओ डा. उमेश कुमार त्रिपाठी के निर्देश पर डिप्टी सीएमओ डा. सर्वेश कुमार द्वारा अपनी टीम के साथ छापामार कार्यवाही करते हुऐ सील कर दिया गया ! बताया जाता है कि पिछले तीन दिनो से मासूम बालिका पल्लवी बुखार से पीडित चल रही थी जिसे उपचार के दौरान गलत इंजेक्शन लगाऐ जाने से उसकी मौत हो गयी थी ! डिप्टी सीएमओ डा. सर्वेश कुमार ने बताया कि अभी तो क्लीनिक सील किया गया है इसके बाद स्वास्थ्य विभाग द्वारा और कडी कार्यवाही की जाऐगी !

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# हर घर तिरंगा को लेकर बैठक सम्पन्न



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-बिहारपुर- राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार जिले के मार्गदर्शन में भाजपा मंडल बिहारपुर चांदनी के ग्राम पंचायत बिहारपुर सामुदायिक भवन में बैठक किया गया जिसमें आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर अमृत महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया है उक्त कार्यक्रम में प्रत्येक घर में तिरंगा झंडा लगाया जायेगा डिजे साउंड के साथ बाईक रैली निकाली जाएगी बैठक में तिरंगा यात्रा को लेकर शक्ति केन्द्रवार प्रभारी सहप्रभारी शक्ति केन्द्र बिहारपुर शिवप्रसाद सिंह सुरेन्द्र कुमार गुप्ता ठाढपाथर रामेश्वर बैस पुनित पाठक नावाटोला सियाराम नाई छोटेलाल यादव खैरा हंसेलाल जायसवाल आनंद पाठक मोहरसोप कालीचरन काशी प्रेमलाल विश्वकर्मा महूली बैकुण्ठ जायसवाल मदनलाल जायसवाल उमझर अमर सिंह किशून जायसवाल खोड राजेश्वर जायसवाल सतिश जायसवाल को नियुक्त कर जिम्मेदारी सौंपी गई है सभी प्रभारी पोलिंग बूथों में जाकर हर घर तिरंगा लगायेंगे बैठक में इस दौरान उपस्थित शिवप्रसाद सिंह रामेश्वर बैस सुरेन्द्र कुमार गुप्ता कालीचरन काशी पुनित पाठक छोटेलाल यादव शिवधन गुप्ता मुकुंद लाल जायसवाल रामप्रताप विश्वकर्मा कन्हैयालाल साहू रामनरेश साहू रामरक्षा पाल रामनारायण यादव श्यामकार्तिक जायसवाल बीपी जायसवाल बिजेंदर साहू रामबिहारी बैस रामलगन साकेत श्यामनारायण बैस प्रेमलाल अखिलेश पंडो रामजीवन बैस देवेन्द्र कुमार गुप्ता लालमन सिंह अमर सिंह रामललन यादव सुरेन्द्र पुरी संतोष साहू सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर पूर्व गृहमंत्री रामसेवक की उपस्थिति में ओड़गी में बैठक हुई सम्पन्न



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- ओड़गी - पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा की उपस्थिति व भाजपा मंडल अध्यक्ष ओड़गी राजेश तिवारी की अध्यक्षता में शुक्रवार को ओड़गी में बैठक आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए पर्व गृहमंत्री ने कहा कि आजादी के 75 वें वर्ष पर पूरे भारत में अमृत महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम 9 अगस्त से 15 अगस्त तक चलाया जाएगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से अपने जिला वासियों में राष्ट्र और देशभक्ति की भावना जागृत कर हर घर तिरंगा कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाना है।इस मौके पर लवकेश पैकरा ,अशोक सिंह महेश्वर पैकरा,सत्यनारायण पैकरा ,प्रवीण गुर्जर , केशव प्रसाद सिंह,खुलेशवर राजवाड़े,दुर्गा प्रसाद गुप्ता ,शिव कुमार राजवाडे, मोहन राम राजवाड़े,संधारीराम यादव, विजय गुर्जर ,अरुण कुमार सिंह, उमेश्वर गुर्जर ,सोहन राम, सुधीर चौबे, विनीता यादव ,संतोष सिंह जगदेव यादव ,श्याम लाल गुर्जर, नरेश जायसवाल, रावेन्द्र जायसवाल,कुंजलाल, शिवलाल, बृजराज गुर्जर, बंसलाल सिंह, गौरी सिंह, व भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे?।

## तिरंगा की आड़ में दंगा...अखिलेश यादव के बयान पर डिप्टी सीएम केशव का पलटवार, कांग्रेस पर भी साधा निशाना




समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के तिरंगा की आड़ में दंगा वाले बयान पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद ने पलटवार किया है। केशव ने इस दौरान कांग्रेस पर भी जमकर हमला बोला है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शनिवार को तीर्थ नैमिषारण्य पहुंचे थे। पूजन-अर्चन करने के साथ ही उन्होंने विपक्षी दलों पर निशाना भी साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने परिवार के दो सदस्यों को बचाने में जुटी है और काले कपड़े पहनकर काले कारनामों को छुपाना चाहती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को राम मंदिर बनने से कष्ट है। पांच अगस्त 2020 को अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण कार्य शुरू हुआ था। 2022 में इसी तारीख को कांग्रेस काले कपड़े पहनकर सड़कों पर उतरी। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्य है कि जहां देश मंदिर निर्माण की खुशी मना रहा है वहीं कांग्रेस अपने परिवार के दो सदस्यों को बचाने के लिए सड़कों पर नजर आ रही है। डिप्टी सीएम ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव पर को सियासी तीर छोड़े। उन्होंने कहा कि तिरंगा फहराने के अभियान से उन्हीं लोगों को तकलीफ हो रही है जिनकी सरकार में हर दिर दंगा हुआ करता था। उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम अखिलेश को अपनी सरकार का कार्यकाल याद आ रहा होगा। कहा कि उनकी सरकार लगातार दूसरा कार्यकाल पूरा कर रही है और अखिलेश यादव को बताना चाहते हैं कि न पहले टर्म में कोई दंगा हुआ और न ही टर्म टू में किसी तरह बवाल हो रहा है। डिप्टी सीएम ने कहा कि महंगाई चहुंओर है। सरकार महंगाई को कम करने की कोशिश कर रही है।

### 2024 में 75 से ज्यादा सीट जीतने का दावा

डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में 75 से अधिक सीट जीतने का दावा किया। उन्होंने कहा कि देश में हर कहीं अमन चैन है। पीएम मोदी की नेतृत्व में देश विश्वगुरू बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। सभी खुश हैं। उन्होंने कहा कि निश्चित ही 2024 के लोक सभा चुनाव में जनता आशीर्वाद देगी और यूपी से भाजपा को 75 से अधिक सांसद मिलेंगे।

## हत्या के प्रयास मामले में रामानुजनगर पुलिस ने 24 घंटे के भीतर 4 आरोपियों को किया गिरफ्तार



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- बीते गुरूवार को अजय कुमार सिंह ने थाना रामानुजनगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह आमगांव खदान में बारबरिक प्रोजेक्ट लिमिटेड में शिफ्ट इंचार्ज है, बीते रात्रि में ड्यूटी करने के दौरान पुरानी रंजीश को लेकर निलेश बरगाह पिता अनुपसाय उम्र 23 वर्ष ग्राम साल्ही, दुर्गेश साहू पिता रामबरन साहू उम्र 22 वर्ष ग्राम साल्ही, सपने पटेल पिता हेमन्त उम्र 27 वर्ष ग्राम पतरापाली, सुरेशचंद यादव पिता रामेश्वर उम्र 26 वर्ष ग्राम मकरबंधा के द्वारा एक राय होकर खदान में आकर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए लोहे के राड व डण्डे से मारपीट कर प्राणघातक चोट पहुंचाया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 307, 34 भादसं के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले की सूचना पर पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने आरोपियों को जल्द पकड़ने के निर्देश दिए। एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी के मार्गदर्शन में थाना रामानुजनगर की पुलिस ने मामले के चारों आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ पर चारों ने वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया, आरोपियों के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आला जरब एवं एक मोटर सायकल जप्त कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी रामानुजनगर रूपेश कुंतल, एएसआई बिसुनदेव पैंकरा, आरक्षक दीपक यादव सहित अन्य स्टाफ

## सिपेट कोरबा में संचालित पाठ्यक्रमों-डीएमटी और डीटीपी में प्रवेश के लिए काउन्सलिंग 8 अगस्त को जिला पंचायत में

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गोरेले पेंड्रा मरवाही- भारत सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा रोजगारोन्मुखी तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए सिपेट कोरबा में संचालित दीर्घकालिक पाठ्यक्रमों-डीएमटी और डीटीपी में प्रवेश के लिए काउन्सलिंग 8 अगस्त को सबेरे 10 बजे से जिला पंचायत (डीआरडीए) के सभा कक्ष में आयोजित किया गया है। सिपेट आधुनिक तकनीकी एवं बुनियादी सुविधाओ के साथ प्रशिक्षाणार्थी को रोजगार प्रदान करने के अवसर एवं सहयोग प्रदान करता है। सिपेट के शैक्षणिक वर्ष 2022-23 के लिए 10 वीं एवम 12 वीं पास छात्र छात्राओं को डिप्लोमा कराने के लिए अभियर्थियों का चयन किया जाना है।

जिला पंचायत डीआरडीए के परियोजना निदेशक ने बताया कि केंद्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकीय एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट) कोरबा द्वारा प्रायोजित रोजगारमूलक प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्णतः निःशुल्क है। जिसमें प्रशिक्षणार्थी हेतु भोजन, आवास, यूनिफार्म, पाठ्य सामग्री इंस्टीट्यूट द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि पाठ्यक्रमो में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। डिप्लोमा प्रथम वर्ष के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के लिए लिंक https://cipetw®wwonlineregistrationform.org/CIPET/ है। कोर्स का नाम डिप्लोमा इन प्लॉस्टिक्स टेक्नोलाइन (डी0पी0टी0) और डिप्लोमा इन प्लॉस्टिक्स मोल्ड टेक्नोलॉजी (डी0पी0एम0टी0) है। प्रशिक्षण की अवधि 3 वर्ष, अधिकतम आयु 18 से 25 वर्ष, शैक्षणिक योग्यता 10वीं कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। इसी तरह डिप्लोमा के द्वितीय वर्ष में सीधी भर्ती प्रवेश हेतु लेटरल एंट्री ऑनलाइन आवेदन जमा करने के लिए लिंक https://sites.google.com/view/cipetkorbaw®ww /home है। कोर्स का नाम डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स टेक्नोलॉइन (डी0पी0एम0टी0) और डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स मोल्ड टैक्नोलॉजी (डी0पी0एम0टी0) है। प्रशिक्षण की अवधि 2 वर्ष, अधिकतम आयु 18 से 25 वर्ष, शैक्षणिक योग्यता 12वीं कक्षा एवम आई टी आई उत्तीर्ण होना चाहिए। इच्छुक उम्मीदवार ऑनलाईन आवेदन सिपेट की वेबसाइट www.cipet.gov.in पर 15 अगस्त 22 तक कर सकते है। संस्था द्वारा इच्छुक उम्मीदवारों हेतु काउन्सलिंग शिविर 8 को सबेरे 10 बजे जिला पंचायत डीआरडीए गौरेला पेण्ड्रा मरवाही में आयोजित किया गया है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com